केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

भवन प्रभाग

फ़ाइल नं 4-1(9)02/बागवानी/भवन/2017 467 दिनांक : 03/11/17

कार्यालय ज्ञापन

भवन प्रभाग ने लॉन के किनारे पर कुछ क्यारियों को तैयार किया है तथा बाकी कुछ क्यारियों को तैयार किया जा रहा है। इन क्यारियों को विभिन्न प्रभागों/अनुभागो को आबंटित करने का प्रस्ताव किया जाता है कि प्रत्येक प्रभाग/अनुभाग अपनी इच्छानुसार फल, फूलों, व सब्जियों का रोपण कर सकता है तथा इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी उसी विभाग की होगी। इस संबंध में बीज, फल, पौधों व खाद इत्यादि की व्यवस्था उनकी इच्छा के अनुसार भवन प्रभाग के द्वारा की जाएगी।

इसका प्रस्ताव इस मूल आधार पर रखा गया है कि हमारे परिवेश भवन के चारों और की हरियाली को बनाए रखने में हम सभी की सहभागिता बनी रहे। अतः सभी प्रभाग/अनुभाग प्रमुखों से अनुरोध है कि वे अपनी-अपनी क्यारियों का चयन कर उसमें अपनी इच्छा के बीज, फल, फूल इत्यादि की मांग भवन प्रभाग को भेजने की कृपा करें। जिससे भवन प्रभाग इन सभी की उचित व्यवस्था कर सके।

(डी. साहा)
प्रभागीय प्रमुख (भवन प्रभाग)

प्रतिलिपि:-

1. अध्यक्ष महोदय के निजी सचिव - कृपया अध्यक्ष महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. सदस्य सचिव के निजी सचिव - कृपया सदस्य सचिव महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. सभी प्रभागीय प्रमुख - कृपया सभी अधिकारियों/कर्मचारियों में प्रसारित करने का अनुरोध है।
4. प्रभागीय प्रमुख (सूचना प्रौद्योगिकी) - केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के इंट्रापोर्टल पर अपलोड करने के निवेदन हेतु।